# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल शाम हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्यारह महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। लखनऊ के लोकभवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने आज इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने जल परिवहन और जल पर्यटन को विकसित करने के लिए उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दे दी है। इसे संचालित करने की नियमावली को भी स्वीकृति दी गई है। मंत्रिपरिषद ने वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस की आबकारी नीति को भी स्वीकृति दी है। इस नीति के तहत शराब की दुकानों का लाइसेंस अब ई लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। प्रदेश के प्राचीन धरोहरों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित करने को भी स्वीकृति मिली है।

***प्रदेश के प्राचीन धरोहरों, बंगलों, हेरिटेज्ज, बिल्डिंग्स को अनुकूलित एवं उपयोग एडॉप्टियूव रियूज के अंतर्गत सार्वजनिक–निजी सहभागिता मॉडल पर हेरिटेज्ज पर्यटन इकाइयों के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में इसको भी मंत्रिपरिषद से ओके कर दिया।***

यूपी एक सौ बारह के चार सौ उन्हत्तर पुराने वाहनों के स्थान पर नई गाड़ियों की खरीदारी को भी मंजूरी दी गई है।

श्री खन्ना ने बताया कि डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को टैबलेट देने का फैसला लिया गया है। साथ ही लखनऊ स्थित किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय में पांच सौ बेड के ट्रामा सेंटर के विस्तार को भी स्वीकृति मिली है। श्री खन्ना ने बताया कि यूपी विधानमंडल का बजट सत्र अठारह फरवरी से शुरू करने पर भी मंत्रिपरिषद ने सहमति दी है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के लिए देश विदेश से श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी है। तेरह जनवरी से अब तक उन्तालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक ने भी आज त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ का आयोजन अपने आप में एक मिसाल है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन परम्परा की दिव्यता को दर्शाता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी अपने परिवार के साथ आज पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हमारी आस्था और संस्कृति से लाखों वर्षों से जुड़ा हुआ है। यह सनातन का वह केंद्र है जहां लोग श्रद्धा के साथ त्रिवेणी में आकर डुबकी लगाते हैं। वहीं, महाकुंभ में हिस्सा लेने पहुंचे मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि महाकुंभ केवल एक मेला नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आस्था का महान संगम है।

**********

बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार पचीस को देश में जनजातीय गौरव वर्ष घोषित किया गया है। इसी के तहत पांच दिनों के लिए जनजातीय सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस समागम के दौरान प्रयागराज महाकुंभ में आज युवा कुंभ का उद्घाटन केंद्र सरकार में जनजातीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी बदलाव हुए हैं वे युवाओं के कारण हुए हैं। उन्होंने युवाओं से अनुरोध किया कि विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करें।

***ये परदे के पीछे से जो समाज को दिग्भ्रमित करने वाली राष्ट्र, धर्म, संस्कृयति विरोधी शक्तियां हैं और उनको पहचानने की आवश्य कता है, पहचान कर हमको सामाजिक समरसता और राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए हमको सामूहिक रूप से अपने विकसित राष्ट्रे बनाने की दिशा में हमें प्रयत्न करने की आवश्यकता है।***

युवा कुंभ में देश भर से आठ हजार आदिवासी युवक प्रतिभागी हैं। इस कार्यक्रम के दौरान सभी जनजातीय युवाओं ने जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

**********

महाकुंभ हादसे की न्यायिक जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने घटना के संबंध में लोगों से जानकारी मांगी है। आयोग द्वारा की जा रही इस जांच के दौरान शपथ पत्र के साथ कोई भी व्यक्ति अपना बयान दर्ज करवा सकता है। आयोग को मोबाइल नंबर शून्य पांच दो दो दो छह एक तीन पांच छह आठ पर या ईमेल आईडी महाकुंभकमीशन एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी जानकारी दी जा सकती है। लखनऊ के हजरतगंज स्थित विकास भवन के पहले तल पर कमरा नंबर एक सौ आठ में बने आयोग के दफ्तर में शपथ पत्र के साथ बयान दर्ज कराए जा सकते हैं । मौनी अमावस्या के दिन सत्ताईस जनवरी को एक दुखद घटना में तीस श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, जबकि साठ से अधिक श्रद्धालु घायल हो गये थे।

**********

वाराणसी जिले के राजा तालाब थाना क्षेत्र में बीरभानपुर हनुमान मंदिर के पास महाकुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार आज सुबह सड़क पर खड़ी बस से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं। यह सभी श्रद्धालु महाकुंभ से लौट कर काशी विश्वनाथ के दर्शन को जा रहे थे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक मौसम शुष्क रहने के साथ तेज सतही हवा चलने की संभावना जताई है। इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज दिन में हल्की धूप निकली लेकिन हवाओं के कारण लोगों ने ठंड का भी एहसास किया।

**********